nandgaon times JULAI-10-2.qxd 7/9/2025 11:59 PM Page 1

बच्चे के कान के इलाज का पूरा... पृष्ठ 2 | श्रद्धा और समर्पण का त्यौहार है... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स


नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559

गुरूवार, 10 जुलाई 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 260, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए




# भाजपा प्रशिक्षण शिविर का समापन

## विकसित छत्तीसगढ़ बनाने के लिए साबित होगा मील का पत्थर: डिप्टी सीएम साव

## प्रशिक्षण बीजेपी की कार्ययोजना का अभिन्न अंग: किरण देव

**सरगुजा.** मैनपाट में आयोजित भाजपा सांसदों-विधायकों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आज समापन हुआ. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव और उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने प्रेसवार्ता में प्रशिक्षण शिविर की जानकारी दी. प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा, प्रशिक्षण भाजपा की कार्य पद्दति, कार्य योजना का अभिन्न अंग है, इस तरह का प्रशिक्षण बीजेपी कार्यकर्ताओं, शक्ति केंद्र और अलग-अलग मोर्चों को भी समय-समय पर दिया जाता है.

प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा, प्रशिक्षण में कार्यकर्ताओं को संगठन में कैसा काम करना है, पदाधिकारियों की क्या जिम्मेदारी है. इन सभी विषयों पर हर कोई संसद-विधायकों को बताया जाता है. शिविर में हमारे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड् ?डा के साथ वरिष्ठ राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष समेत कई वरिष्ठ केंद्रीय नेताओं का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ, जिसे हम अपने कार्यशैली में अपनाने वाले हैं.

प्रशिक्षण सत्र के बाद कॉर्डिनेशन में किस तरह बदलाव होगा, इस पर किरण देव ने कहा, हमारी सरकार में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय समेत पूरे कैबिनेट के बीच किसी प्रकार से समन्वय को लेकर कोई तकलीफ नहीं होती है. हमारा मूल कार्य राष्ट्र प्रेम और राष्ट्र सेवा के साथ प्रधानमंत्री की परिकल्पना से विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ बनाना है, जिससे इसका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके. भाजपा




का कार्यक्रम हमारे कार्य करने की पद्दति, योजनाओं का महत्वपूर्ण अंग है. राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर समय-समय पर प्रशिक्षण वर्ग लगाया जाता है.

**ऐतिहासिक रहा प्रशिक्षण शिविर : अरुण साव**

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, सांसद-विधायक प्रशिक्षण वर्ग हर एक दृष्टि से ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण रहा है. अंबिकापुर के मैनपाट की खूबसूरती को पूरे देश और दुनिया ने देखा है. इस जगह पर ऐसा कार्यक्रम होना, बहुत ऐतिहासिक रहा है. प्रशिक्षण शिविर बीजेपी के कार्य पद्दति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है. हमारे सभी सांसद और विधायक एक साथ तीन दिन एक स्थान पर रहकर कार्यक्रम में शामिल हुए. यह ये बताता है कि बीजेपी में परिवार का भाव कैसे बनता है.

**सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएंगे**

डिप्टी सीएम साव ने कहा, हमारी प्रतिबद्धता केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है. प्रशिक्षण शिविर विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित भारत के लिए मील का पत्थर साबित होने वाला है. उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ की ताकत और क्षमता उसके माध्यम से विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण और यहां के लोगों के जीवन में परिवर्तन लाने के लिए रहा है.

**छत्तीसगढ़ के विकास में वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन की होगी बड़ी भूमिका**

अरुण साव ने कहा, इस आयोजन में शत प्रतिशत उपस्थिति, पार्टी के राष्ट्रीय नेताओं से लेकर वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन छत्तीसगढ़ के विकास के लिए बहुत बड़ी भूमिका निभाने वाला है. सूरजपुर विधानसभा में पहली बार बीजेपी जीती है इसीलिए भी यह जगह बहुत ही महत्वपूर्ण रहा है. इस जगह से निकला हुआ संदेश पूरे देश और विश्व तक पहुंचने वाला है.

# गुरु पूर्णिमा में गुरुजनों का सम्मान करेगी भाजपा

**शक्ति केंद्र स्तर पर सम्मान कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे**

**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय सनातन धर्म में गुरु पूर्णिमा का विशिष्ट महत्व होता है, गुरु पूर्णिमा के दिन भक्त अपने गुरु का सम्मान के साथ उसकी वंदना करता है । इस महत्वपूर्ण दिन में राष्ट्रीय आवाहन पर प्रदेश भाजपा ने पूरे देश भर में आम जनता के साथ मिलकर गुरुजनों का सम्मान करने की नई परंपरा की शुरुआत की है।भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के शुभ दिन में समाज क्षेत्र में कार्य करने वाले सभी गुरुजनों का पार्टी सम्मान करेगी जिसमें शिक्षा क्षेत्र, हस्तशिल्प कला, पुजारी, खेल, मार्शलआर्ट, योग शिक्षक या कथावाचक या ऐसे लोग ,जिसे लोग गुरु के रूप में सम्मान देते हैं, उनका सार्वजनिक सम्मान भारतीय जनता पार्टी द्वारा शक्ति केंद्र स्थल पर किया जाएगा।। इस हेतु पार्टी ने जिला संयोजक के रूप में मनोज निर्वाणी की नियुक्ति की है, सहसंयोजक नीरज यादव तथा मीडिया प्रभारी रजत वैष्णव को जिम्मेदारी दी गई है । जिसके तहत राजनांदगांव जिले के सभी शक्ति केदो में 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा उत्सव का कार्यक्रम मनाया जाएगा, और विशेष परिस्थितियों में घर जाकर भी गुरुओं का सम्मान पार्टी द्वारा किया जाएगा। मनोज निर्वाणी ने मंडल वार प्रभारियों की नियुक्ति की है,जिसके अनुसार गेंदाटोला मंडल से रामकुमार मांडवी डोमन पटेल, घुमका मंडल से ललित साहू, जनक साहू डोंगरगढ़ ग्रामीण से रवि यादव, धर्मचंद वर्मा, डोंगरगांव मंडल से हेमंत चोपड़ा, डीके साहू, अर्जुनी मंडल से अजय वैष्णव, दिनेश साहू, से रामचरण वर्मा रामेश्वर साहू, तिलई मंडल से राकेश साहू, यशवंत वर्मा, दक्षिण मंडल से गीतेश गुप्ता, प्राइमरी शुक्ल पूर्व क्षेत्र ग्रामीण से गोपाल साहू गोविंद देवांगन उत्तर मंडल से चंद्रभान जंगल, समीर श्रीवास्तव, डोंगरगढ़ शहर से विनीत यादव, विनय बंसल एलबी नगर मंडल से कैलाश ओके हेमलाल वर्मा, छुरिया मंडल से मायाराम साहू, पद्म भूषण, ग्रामीण मंडल से मोतीराम देवांगन,जितेन साहू ,तुमड़ीबॉड मंडल से टीकम पटेल,गणेश्वर सिन्हा, कुमरदा मंडल से को सिंहा, पतिराम साहू आदि को सम्मान की जवाबदारी दी गई है। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी रजत वैष्णव ने दी है।

# सुशांत मति माताजी एवं तथामति माताजी का आज होगा मंगल प्रवेश

## दिगंबर जैन मंदिर में चातुर्मास आरंभ, गुरुपूर्णिमा पर होगा विशेष अनुष्ठान



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरुवार प्रात: दिगंबर जैन समाज के लिए एक अत्यंत शुभ घड़ी आने वाली है। समाधि सम्राट आचार्य विद्यासागर महाराज की कृपा से आचार्य समय सागर महाराज की शिष्याएं सुशांत मति माताजी एवं तथामति माताजी का मंगल चातुर्मास हेतु आज प्रात: 6.30 बजे शहर में प्रवेश होगा।यह जानकारी दिगंबर जैन पंचायत के सचिव सूर्यकांत जैन ने दी। उन्होंने बताया कि माताजियों का मंगल प्रवेश जनता कॉलोनी, लखोली के सामने से आरंभ होगा। इसके उपरांत माताजियों का स्वागत दिगंबर जैन मंदिर में किया जाएगा, जहां मूलनायक श्री 1008 नेमिनाथ भगवान का महामस्तकाभिषेक एवं शांतिधारा माताजी के मुखारविंद से संपन्न होगा।विशेष रूप से गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर पर आचार्य भगवन विद्यासागर महाराज की पूजन अष्टद्रव्य से की जाएगी। इसके पश्चात माताजियों की मंगल देशना का लाभ समाज को मिलेगा। प्रात: 9 बजे प्रवचन के उपरांत आहार चर्या की विधि होगी। इस चातुर्मास के दौरान आने वाले चार माह तक जैन समाज को धर्म चर्चा, अनुष्ठान और प्रेरणास्पद देशनाएं सुनने का लाभ मिलेगा। इस पावन चातुर्मास के संयोजन हेतु दिगंबर जैन पंचायत अध्यक्ष अशोक झंझरी, चातुर्मास समिति अध्यक्ष अखिलेश जैन एवं उनकी पूरी समिति द्वारा समस्त साधर्मी बंधुओं एवं अहिंसा मार्ग को मानने वाले सभी धर्मानुरागियों से कार्यक्रम में सपरिवार उपस्थित होने की सविनय अपील की गई है। राजनांदगांव जैन समाज के लिए यह अवसर आध्यात्मिक ऊर्जा से भरपूर रहेगा और समाज को धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देगा।

# छत्तीसगढ़ हॉकी व जिला हॉकी संघ राजनांदगाँव द्वारा विजेता खिलाड़ियों का भव्य स्वागत

## 15वी हॉकी इंडिया राष्ट्रीय चैंपियनशिप मे बी डिवीजन चैंपियन बनकर लौटी प्रदेश की बेटियाँ

**छत्तीसगढ़ की बेटियों ने रचा इतिहास: हॉकी इंडिया सब-जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 की बी डिवीजन विजेता टीम का राजनांदगांव में स्वागत**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** 15वीं हॉकी इंडिया सब-जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 में बी डिवीजन की चैंपियन बनकर लौटी छत्तीसगढ़ की बेटियों का राजनांदगांव रेलवे स्टेशन में भव्य स्वागत किया गया। यह स्वागत छत्तीसगढ़ हॉकी एवं जिला हॉकी संघ राजनांदगांव द्वारा, छत्तीसगढ़ हॉकी एवं जिला हॉकी संघ राजनांदगाँव के अध्यक्ष फिरोज अंसारी के नेतृत्व तथा जिला हॉकी संघ के सह - सचिव प्रिंस भाटिया और महेंद्र सिंह ठाकुर की प्रमुख उपस्थिति में किया गया । यह प्रतिष्ठित चैंपियनशिप हॉकी झारखंड द्वारा हॉकी इंडिया के तत्वावधान में 3 जुलाई से झारखंड की राजधानी रांची स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में देशभर की 28 शीर्ष टीमें शामिल थीं।

फ़िरोज़ अंसारी ने बताया की छत्तीसगढ़ की सब-जूनियर बालिका टीम अपने पूल में सभी मैच जीतकर बी डिवीजन



विजेता बनी और ए डिवीजन में क्वालीफाई होने का गौरव प्राप्त किया। टीम ने गुजरात को 8-2, तमिलनाडु को 2-1 और वेस्ट बंगाल को 5-0 से हराते हुए अपराजेय रहते हुए तीनों मैच जीतकर रिकॉर्ड हैट्रिक बनाई। साथ ही यह टीम बी डिवीजन की सबसे कम गोल खाने और सर्वाधिक गोल करने वाली टीम भी रही। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि में खिलाड़ियों की मेहनत और अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी और मुख्य कोच मृणाल चौबे, सहायक कोच दीपेश चौबे एवं टीम मैनेजर सुप्रिया तिग्गा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सभी मैचों में प्लेयर ऑफद मैच पुरस्कार भी छत्तीसगढ़ की खिलाड़ियों ने ही प्राप्त किए, जो प्रदेश की प्रतिभा और अनुशासन का परिचायक है।छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने यह भी जानकारी दी कि इस चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को हॉकी इंडिया के सेलेक्टर के द्वारा चयनित कर भविष्य में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जाएगा। राजनांदगांव रेलवे स्टेशन पर जिला हॉकी संघ के पदाधिकारी सहित अन्य वरिष्ठ खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे और खिलाड़ियों का फूल-मालाओं से स्वागत कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। समस्त प्रदेशवासियों ने इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए टीम को बधाइयाँ और भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। प्रतिनिधित्व करने वाली विजेता खिलाड़ी: गोलकीपर: नौरीन हयात, विशाखा डिफेंडर: केसर साहू, अंजलि एक्का, जिज्ञासा कश्यप मिडफील्डर: सुधा साहू, श्यामली राय, सरिता मौर्य, स्मिता कुजूर, सोनाक्षी यादव, अज़्मत प्रवीन स्ट्राइकर: ट्विंकल प्रजा, दुबी रावत, मनप्रीत कौर, काव्या सिंह ठाकुर, रश्मि निषाद, संजना, रिया खालको मुख्य कोच: मृणाल चौबे (अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी) सहायक कोच: दीपेश चौबे टीम मैनेजर: सुप्रिया तिग्गा

# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत किया गया पौधरोपण







**स्काउट गाइड रोवर रेंजर को किया गया राज्य पुरस्कार प्रमाण पत्र का वितरण**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत महंत बलरामदास स्टेट स्कूल परिसर राजनांदगांव में पौधरोपण एवं राज्य पुरस्कार प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में महापौर श्री मधुसूदन यादव, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य पर्यटन मंडल श्री नीलू शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधयों द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में वर्ष 2023 में 83 एवं वर्ष 2024 में 33 कुल 116 सफल स्काउट गाइड रोवर रेंजर को राज्य पुरस्कार प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में पौधरोपण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई तथा राष्ट्रीय, राज्य एवं जिला स्तर की गतिविधियों में सहभागी बनने के लिए स्काउट गाइड रोवर रेंजर को प्रशंसा करते हुए राज्य पुरस्कार के लिए बधाई दी। इस अवसर पर श्री खूबचंद पारख, श्री कोमल सिंह राजपूत, श्री संतोष अग्रवाल, उपाध्यक्ष भारत स्काउट गाइड छत्तीसगढ़ श्री राजेन्द्र गोलछा, श्री अशोक चौधरी, श्री सौरभ कोठारी, श्री शिव वर्मा, श्री किशुन यदु, जिला अध्यक्ष भारत स्काउट गाइड श्री उमेश हथेल, जिला मुख्य आयुक्त श्री महेश खंडेलवाल, जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त श्री प्रवास कुमार बघेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी व स्काउट्स एवं गाइड्स रोवर रेंजर्स उपस्थित थे।

# लालबागेश्वर धाम का सावन महोत्सव 11 जुलाई से शुरू होगा



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** लालबागेश्वर धाम के सेवक आवतराम तेजवानी ने बताया कि 11 जुलाई से प्रतिदिन सुबह 8:00 से 9:00 तक रुद्राभिषेक एवं महाकाल भगवान की मां आरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा तथा रात्रि 8 से 9 बजे तक प्रतिदिन महाआरती एवं भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। संस्था के सदस्य संजय तेजवानी ने बताया कि सोमवार 14 जुलाई को प्रात: 5 बजे कावड़ यात्रा, स्वामी जी द्वारा सुबह 11 बजे से 1 बजे तक संगीतमय रुद्राभिषेक एवं महारती एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया है, शाम 7:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक भजन एवं महाआरती, केदारनाथ महादेव की पूजा एवं विशेष महाआरती का प्रसाद वितरण किया जाएगा, इसी तरह से सोमवार 21 जुलाई को प्रात: 5 बजे कावड़ यात्रा, दोपहर 11 बजे से 1 बजे तक आचार्य द्वारा विशेष रुद्राभिषेक, शाम को सिंघोला से महाकाल की पालकी 6:00 बजे हेमू कालाणी नगर में आगमन एवं लालबागेश्वर महादेव मंदिर में जोरदार महाकाल की आरती एवं विशेष रूप से बर्फानी बाबा अमरनाथ की पूजा एवं प्रसादी वितरण सिंधु भवन में किया जाएगा। 28 जुलाई को प्रात: 5:00 बजे कावड़ यात्रा दोपहर 11 बजे से 1 तक आचार्य द्वारा संगीतमय रुद्राभिषेक शाम 7 बजे से 9 बजे तक भगवान सोमनाथ महादेव का विशेष पूजन एवं महाआरती का प्रसाद वितरण किया जाएगा। इसी तरह से अंतिम सोमवार 4 अगस्त को प्रात: 5:00 बजे कावड़ यात्रा, दोपहर 11 बजे से 1 बजे तक आचार्य द्वारा संगीतमई रुद्राभिषेक एवं अंतिम सोमवार के उपलक्ष में रुद्राभिषेक एवं हवन कर प्रसाद वितरण किया जाएगा ।

nandgaon times JULAI-10-2.qxd 7/9/2025 11:59 PM Page 2



## दीवानभेड़ी सोसायटी में रोपे गये पौधे



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** समीपवर्ती ग्राम दिवानभेड़ी स्थित सेवा सहकारी समिति प्रागंण में बीते दिनों एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत् वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी थे।

कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर माल्यार्पण व पूजन से हुआ। इस दौरान मुख्यअतिथि श्री गांधी ने कहा कि हमारे जीवन में पेड़ों का बहुत महत्व है, आज भी पेड़ों में देवों का वास होता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाना चाहिए, जिससे हमारी आने वाली पीढ़ी का जीवन और भविष्य सुखमय हो सके। पश्चात् सभी ने मिलकर सोसाइटी परिसर में सागौन, नीम, पीपल, साजा, जामुन, आंवला इत्यादि पौधे का रोपण किया तथा इसे सुरक्षित रखने का संकल्प ग्रामीणों को दिलाया गया। कार्यकम में प्रमुख रूप से सेवा सहकारी समिति डोंगरगांव के अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, जागेश्वर यादव, योगेश पटेल, हेनुराम साहू, जेएसकेबी के ब्रांच मैनेजर प्रशांत बाजपेई, पंचराम, मनोज साहू, नसीब रात्रे, होरीराम, नोहरलाल, भुवन, दिलीप, थनवार सिन्हा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## डॉक्टर दंपत्ति हत्याकांड में कहानी दोहराई गई, आरोपी को पुलिस ने लेकर किया घटनास्थल पर सीन रीक्रिएशन

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** कवर्धा के बहुचर्चित डॉक्टर दंपत्ति मर्डर केस में आज एक और बड़ा मोड़ आया, जब पुलिस आरोपी को



लेकर रामनगर स्थित घटनास्थल पहुंची और उसी जगह पर हत्या की पूरी पटकथा दोबारा जिंदा करवाई गई। दोपहर करीब 2 बजे पुलिस की गाड़ी घटनास्थल पर रुकी और आरोपी को उतारा गया। पुलिस ने पूरे घटना स्थल को सिक्योर करते हुए सीन रीक्रिएशन की प्रक्रिया शुरू की। आरोपी को उसी रास्ते से अंदर ले जाया गया, जहां से उसने आठ साल पहले कदम रखा था। एक-एक पल, एक-एक हरकत, सबकुछ उसी क्रम में दोहराया गया — कैसे वह घर में दाखिल हुआ, डॉक्टर दंपत्ति का आपस में कैसे बहस किस बात पर हुई, कब बात बिगड़ी, और कैसे डॉक्टर ने अपनी पत्नी को और फिर आरोपी ने डॉक्टर को कैसे मौत के घाट उतारा।

## मां कर्मा भवन मे आज गुरु पूर्णिमा

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड मटिया में 10 जुलाई को मां कर्मा भवन में गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन रखा है। जिसमे गुरु पूजा, आरती भजन प्रवचन ध्यान का कार्यक्रम रखा गया है।

कार्यक्रम में कथा वाचक के रूप में संत गिरवार साहेब से कबीर आश्रम नादिया होगे कार्यक्रम समय दोपहर 3 बजे से संख्या 6 बजे तक 10 जुलाई को कबीर विचार मेच के द्वारा किया जाएगा।

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजनांदगांव (छ0ग0)
### // बंधक प्लाट आदेश //

**क्रमांक / 3423 / अ0वि0अ0/प्र.1/2025 राजनांदगांव दिनांक 01/07/2025**

छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 (क0-1 वर्ष 1994) कालोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण निर्बन्धन तथा शर्तें नियम 1999 व यथा संशोधित के अनुरूप आवेदक श्री विनोद बोहरा आ0 श्री जेठमल बोहरा डायरेक्टर महावीर इन्फ्राकान प्रा0लि0 निवासी सनसिटी कंचनबाग राजनांदगांव के निज स्वामित्व की ग्राम पनेका प0ह0नं0 29 तहसील व जिला राजनांदगांव स्थित भूमि ख0नं0 111/53 रकबा 0.0730 हे0 एवं ग्राम फरहद प0ह0नं0 29 तहसील व जिला राजनांदगांव स्थित भूमि ख0नं0 32/11 में से रकबा 0.0183 हे0 पर आवासीय प्रयोजन (भू-खण्डीय विकास) के लिए कालोनी विकास अनुज्ञा इस न्यायालय के रा0मा0क 202506090700132 अ/89 (13) वर्ष 2024-25 के द्वारा दिनांक 09/07/2025 को जारी किया गया है।

कालोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण निर्बन्धन तथा शर्तें नियम 199 के नियम-12 व यथा संशोधित के अनुसार कमजोर आय वर्ग के लिए सुरक्षित रखे गए भू-खण्डों को छोड़कर शेष भू-खण्ड के 15 प्रतिशत की संख्या में भू-खण्ड सक्षम अधिकारी के पास बंधक रखा जाता है। ये भू-खण्ड नियम 13 के उप नियम (2) के अध्यधीन रहते हुए कालोनी का आंतरिक व बाह्य विकास कार्य पूर्ण होने पर बंधनमुक्त किए जाएंगे तथा विक्रय हेतु कालोनाईजर को उपलब्ध रहेंगे। नगर तथा ग्राम निवेश विभाग के अनुमोदित अभिन्यास अनुसार बंधक प्लाट का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्रं. | प्लाट नं. | रकबा (व.मी.) |
|---|---|---|
| 1 | बी–149 | 126.00 |
| कुल | 01 | 126.00 |

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**राजनांदगाव छ.ग.**

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजनांदगांव (छ0ग0)
### // बंधक प्लाट आदेश //

**क्रमांक / 3423 / अ0वि0अ0/प्र.1/2025 राजनांदगांव दिनांक 09/07/2025**

छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 (क0-1 वर्ष 1994) कालोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण निर्बन्धन तथा शर्तें नियम 1999 व यथा संशोधित के अनुरूप आवेदक श्री विनोद बोहरा आ0 श्री जेठमल बोहरा डायरेक्टर महावीर इन्फ्राकान प्रा0लि0 निवासी सनसिटी कंचनबाग राजनांदगांव के निज स्वामित्व की ग्राम फरहद प0ह0नं0 29 तहसील व जिला राजनांदगांव स्थित भूमि ख0नं0 15000 रकबा 0.1928 पर आवासीय प्रयोजन (भू-खण्डीय विकास) के लिए कालोनी विकास अनुज्ञा इस न्यायालय के रा0मा0क 202506090700131 अ/89 (13) वर्ष 2024-25 के द्वारा दिनांक 09/07/2025 को जारी किया गया है।

कालोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण निर्बन्धन तथा शर्तें नियम 199 के नियम-12 व यथा संशोधित के अनुसार कमजोर आय वर्ग के लिए सुरक्षित रखे गए भू-खण्डों को छोड़कर शेष भू-खण्ड के 15 प्रतिशत की संख्या में भू-खण्ड सक्षम अधिकारी के पास बंधक रखा जाता है। ये भू-खण्ड नियम 13 के उप नियम (2) के अध्यधीन रहते हुए कालोनी का आंतरिक व बाह्य विकास कार्य पूर्ण होने पर बंधनमुक्त किए जाएंगे तथा विक्रय हेतु कालोनाईजर को उपलब्ध रहेंगे। नगर तथा ग्राम निवेश विभाग के अनुमोदित अभिन्यास अनुसार बंधक प्लाट का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्रं. | प्लाट नं. | रकबा (व.मी.) |
|---|---|---|
| 1 | एच–23 | 135.00 |
| 2 | एच–36 | 121.50 |
| कुल | 02 | 256.50 |

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**राजनांदगाव छ.ग.**

# बच्चें के कान के इलाज का पूरा खर्च वहन करेगी खालसा स्कूल प्रबंधन, दोषी टीचर पर जांच के बाद होगी कार्रवाई

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** डोंगरगढ़ के खालसा पब्लिक सीबीएसई स्कूल के कक्षा सातवीं के छात्र सार्थक सहारे के कान के इलाज में होनें वालें खर्च का वहन स्कूल प्रबंधन कमेटी करेगा। वहीं छात्र के गाल पर तमाचा जड़ने वाली दोषी टीचर प्रियंका सिंह के खिलाफ भी जांच कमेटी की रिपोर्ट आनें के बाद प्रबंधन कमेटी कार्रवाई करेगी। बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस लेकर स्कूल प्रबंधन कमेटी ने अपनी बातों को स्पष्ट किया। सिक्ख एजुकेशन सोसायटी के अध्यक्ष हरजीत सिंह अरोरा ने बताया कि 2 जुलाई को छात्र सार्थक के साथ हुई घटना काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। उक्त घटना से हमारी संस्था की छवि काफी धूमिल हुई है। घटना के अगलें दिन छात्र के पिता सुधाकर सहारे के माध्यम से हमें इसकी जानकारी मिली। जानकारी मिलनें के बाद प्रबंधन कमेटी ने टीचर को कारण बताओं नोटिस देकर जवाब मांगा और आगामी आदेश तक सस्पेंड कर दिया है। वहीं बच्चें के कान का उचित इलाज करानें के लिए पैरेंट्स से मेडिकल रिपोर्ट मांगी गई थी। लेकिन अब तक प्रबंधन तक रिपोर्ट नहीं पहुंची है। अध्यक्ष अरोरा ने बताया कि बच्चें के कान का इलाज देश के सबसे बड़े ईएनटी अस्पताल में कराएंगे। उसके इलाज में होनें वालें संपूर्ण खर्च का वहन स्कूल प्रबंधन कमेटी करेगी। वहीं शिक्षा विभाग ने मामलें की जांच के लिए कमेटी गठित कर दी है। कमेटी की रिपोर्ट व जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देश के बाद दोषी टीचर के खिलाफ प्रबंधन कमेटी बर्खास्तगी की कार्रवाई भी करेगी। हमारी संस्था टीचर का पक्ष नहीं ले



रही है। यदि टीचर ने गलती की है तो इसकी सजा अवश्य मिलेगी। उन्होंनें बताया कि हर माह स्कूल स्टॉफ की मीटिंग लेकर बच्चों को शारीरिक रूप से दंडित नहीं करनें के निर्देश शिक्षकों को देते है। छात्र के साथ हुई घटना नहीं होनी थी। इसके लिए टीचर जिम्मेदार है। ऐसी घटना दोबारा न हो इसके लिए संस्था ठोस कदम उठाएगी। बता दें कि टीचर ने मामूली बात पर आवेश में आकर छात्र के गाल पर लगातार चार बार तमाचे जड़ दिए थे। जिसके बाद से छात्र को एक कान से सुनाई देना बंद हो गया है। चिकित्सकों ने बताया कि उसके एक कान का पर्दा फट गया है। इस वजह से उसके सुननें की क्षमता खत्म हो गई है। बौद्ध समाज के लोगों ने रखी तीन सूत्रीय मांग- इधर बुधवार की दोपहर बौद्ध समाज के लोग भी खालसा स्कूल पहुंचें और प्रबंधन कमेटी के समक्ष अपनी तीन सूत्रीय मांग रखी। समाज के अध्यक्ष डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर ने अध्यक्ष हरजीत सिंह अरोरा को तीन सूत्रीय मांग का ज्ञापन समाज की ओर से सौंपा। मांग में दोषी टीचर प्रियंका सिंह को स्कूल से बर्खास्त करनें, पीड़ित छात्र का इलाज का खर्च स्कूल प्रबंधन कमेटी द्वारा वहन करनें व भविष्य में स्कूल में ऐसी घटना दोबारा न हो इसके लिए ठोस कदम उठानें की मांग की गई। मांग की बिंदुओं को स्वीकार करतें हुए अध्यक्ष अरोरा ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंनें कहा कि घटना की जानकारी मिलनें के बाद प्रबंधन कमेटी ने अपनें अधिकार के तहत सभी एक्शन तत्काल लिए और कार्रवाई की। अब शिक्षा विभाग की जांच के बाद दोषी टीचर के खिलाफ अवश्य कार्रवाई प्रबंधन कमेटी करेगी। इस अवसर पर बौद्ध समाज के अध्यक्ष मुन्नालाल नंदेश्वर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष धीरज मेश्राम, प्रज्ञागिरी ट्रस्ट समिति के सचिव शैलेंद्र डोंगरे, पार्षद जयकिशोर अंबादे, मुकेश सहारे भीम सेना के अध्यक्ष चंद्रशेखर बोरकर, सिद्धार्थ नागदेवे, राजकुमार नंदेश्वर, लोकेश इंदुरकर, सुधाकर सहारे, आशीष डोंगरे, माया भास्कर, सागर रामटेके, किरण मेश्राम, राजू चिचखेरे, दीपक ऊके, संजय सरजारे, गुड्डा सरजारे, संतोष सहारे, विलास सहारे सहित बौद्ध समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## अच्छे नंबरों के पीछे नहीं, हमें शिक्षा के पीछे दौड़ना चाहिए- कलेक्टर वर्मा

पदमराज सिंह ठाकुर



**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** कम शब्दों में अधिक जानकारी कैसे दें, आपकी प्रस्तुति ही आपका मूल्यांकन तय करती है, विद्यार्थियों को कलेक्टर वर्मा की सीख कवर्धा, 09 जुलाई 2025। जिले के कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कबीरधाम जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में निवासरत आदिवासी एवं विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा बहुल्य ग्राम पंचायत तरेगांव जंगल का दौरा कर शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत में संचालित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, पंचायत भवन तथा आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं की वस्तुस्थिति देखी। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री वर्मा ने कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों के साथ लगभग एक घंटे तक संवाद किया और बोर्ड परीक्षा की तैयारी को लेकर महत्वपूर्ण टिप्स साझा किए। विद्यार्थियों से सीधे संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि हमें अच्छे नंबरों के पीछे कभी भी नहीं भागना चाहिए, बल्कि शिक्षा के पीछे दौड़ना चाहिए । जब हम विषयों को गहराई से समझेंगे, समग्र अध्ययन करेंगे, तो अच्छे अंक अपने आप मिलेंगे। कलेक्टर वर्मा ने बच्चों से कहा कि हिंदी, भूगोल, सामाजिक विज्ञान, गणित, विज्ञान अंग्रेजी और संस्कृत जैसे सभी विषयों का संतुलित अध्ययन करें और प्रत्येक विषय की कॉपी अवश्य तैयार करें। उन्होंने नोट्स बनाने की आदत को आवश्यक बताया और कहा कि इससे न केवल राइटिंग में सुधार होता है, बल्कि याद करने और दोहराने की क्षमता भी बढ़ती है। कलेक्टर वर्मा ने परीक्षा में उत्तर लेखन की शैली पर विशेष जोर देते हुए कहा कि कम शब्दों में अधिक और सारगर्भित जानकारी देना सीखिए, क्योंकि परीक्षा में आपकी प्रस्तुति ही आपके अंक तय करती है। उन्होंने विद्यार्थियों को सुझाव दिया कि वे कक्षा में जो पढ़ाया जाता है, उसे घर जाकर दोहराएं और अगले दिन का पाठ पहले से पढ़कर स्कूल आएं।

## बारिश से खेत खलियान हुए जलमग्न

**डोंगरगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** अंचल के समीपस्थ ग्राम बीरूटोला मे रात्रि से हो रही बारिश की लगातार झड़ी से क्षेत्र के किसानो को किया



परेशान बारिश इतनी ज्यादा है की खेत तक पहचान नही आ पा रहा इस भयावक बारिश से न केवल खेत बल्कि आवागमन भी हो गये बाधित इस बारिश से मेन रोड मे लगे पुल के ऊपर से इतनी पानी जा रहा की लोग रास्ता पार नही कर पा रहे लोगो को जरूरतमंदो को गाँव के स्कूली बच्चों,युवाओ किसानों के आने जाने का रास्ता पार कराया जा रहा है इसमे युवा करन, परमेश्वर, अक्षय, योगेंद् एवम अमित नांदेश्वर के द्वारा सहयोग लोगो को किया जा रहा है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगांव में कर्मचारियों के जन सहयोग से बना वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गर्मी के दिनों में पानी की किल्लत एक आम बात है क्योंकि



नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन पहाड़ी इलाके में बनने व ड्राई जोन होने के कारण चार से पांच बोर खनन होने के बाद पानी नही निकल वहीं अस्पताल प्रांगण में एक भी वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं होने के बारिश के पानी व्यर्थ बह जाता है इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए रेडियोग्राफर भोज साहू ने अपने कर्मचारियों के बीच सुझाव रखा क्यों न बारिश के पानी को संरक्षित करने के लिए वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम सोखता निर्माण जन सहयोग किया जाये इस पर सभी स्टाफ के कर्मचारियों ने सहमति जताई व अपने वेतन के आंशिक सहयोग करने के सहमति के बाद लिखित पत्र डां रागिनी चंद्रे खंड चिकित्सा अधिकारी के पास आवेदन देकर अनुमति मांगे जिस पर बीएमओ ने अनुमति प्रदान करने के पश्चात कार्य का शुभारंभ किया। अस्पताल परिसर के प्रांगन में बोर खनन हुआ है जिसमें पानी नगण्य है उसी को वाटर रिचार्ज करने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए सोखता गड्ढा खोदाई किया व ईट की जोड़ाई करते हुए 8 फीट लंबा 5 फीट चौड़ा व गहराई 10 फीट का सोखता बनावाया गया है जिसमें अस्पताल बिल्डिंग के छत के पानी को सोखता निर्माण तक पाइप लाइन बिछाकर पहुंचया गया है निश्चित रूप से बारिश के पानी को संरक्षित करने का यहां पहल से वाटर रिचार्ज होगा व बोर के पानी में भी वृद्धि होगी। अस्पताल के कर्मचारियों के साथ नगर के कुछ समाजसेवी भी इस मुहिम में जुड़कर सहयोग किया है कर्मचारियों के द्वारा वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने के लिए अपने वेतन से आंशिक सहयोग किया व वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम में लागत 28900 रूपये में बनकर तैयार हो गया कुछ आंशिक रूपये का कम पड़ने पर नगर के समाजसेवियों ने सहयोग कर इस कार्य को पूर्ण करने में मदद किया जिसे कार्य पूर्ण हुआ और अभी लगातार बारिश होने से सोखता गड्ढा में पानी का जुमाव भी हो गया जिसे देखकर कर्मचारियों ने अपने सहयोग पर बने वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को देखकर उत्साहित हैं बिना सरकारी फंड का उपयोग किए बिना कर्मचारियों ने इस तरह जन सहयोग से वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाकर लोगों को प्रेरित कर रहे हैं कोई भी कार्य दृढ़ इच्छाशक्ति व जन सहयोग से आसानी से बन जाता है इस कार्य को पूर्ण कराने में समस्त कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

## जीवनदीप समिति के बैठक में पदाधिकारियों को दरकिनार करते हुए बैठक आयोजित करने पर महेंद्र वैष्णव वैष्णव विधायक प्रतिनिधि का फुटा गुस्सा

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** बीते दिनों जनपद पंचायत कार्यालय में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जीवन दीप समिति का बैठक जनपद पंचायत भवन में आयोजित किया गया था जिसका प्रकाशन



खबर के माध्यम से हुआ है खबर को देखकर लगता है की स्थानीय खंड चिकित्सा अधिकारी अपने मनमानी के चलते प्रोटोकाल की भी समझ भूल चुके हैं ,विगत दिनों जनपद की बैठक की जानकारी विधायक को नही दी गई ना ही उनके किसी प्रतिनिधि को ही बैठक में बुलाया गया जबकि उक्त बैठक में बीजेपी के नेता भी उपस्थित थे , बीएमओ की ये मनमानी कतई बर्दास्त नही की जाएगी आने वाले समय में यदि उनके द्वारा इस तरह लापरवाही बरती जाती है तो उनके खिलाफ कदम उठाने में संकोच नहीं किया जाएगा व कलेक्टर को शिकायत किया जायेगा। उक्त बैठक में स्थानीय सरपंच जनपद सदस्य व अन्य विभाग के अधिकारियों को बुलाया जाता है लेकिन बीएमओ डां रागिनी चंद्रे ने मनमानी करते हुए किसी को बैठक की सुचना नहीं दी और बंद कमरे में बैठक आयोजित कर लिया जो अनेकों सवालों का खड़ा करता है बीएमओ डां रागिनी चंद्रे की शिकायत हमेशा मनमानी करने की मिलते रहते हैं उनके इस कृत्य की हम कड़ी निन्दा करते हैं व लंबे समय से एक ही जगह पर जमें रहने से इस तरह मनमानी कर रहे हैं निश्चित रूप से उसे हटाना चाहिए ताकि इस तरह जन प्रतिनिधियों को नजर अंदाज न कर सके।

### न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिकदण्डाधिकारी खैरागढ़ जिला खैरागढ़ छुईखदान गण्डई(छ.ग.)

- ईश्तहार:-

रा.मा.क्र.बी-121 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रेखा छिदैया पति स्व.तिलकराम निवासी शहर / ग्राम कोहकाबोड़ प.ह.नं. तहसील खैरागढ़ जिला के.सी.जी.द्वारा अपने पति स्व. तिलकराम छिदैया आ. सुमेरसिंग के मृत्यु प्रमाण पत्र की माँग की गई है। उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में मृत्यु दिनांक के 13/07/2013 को स्थान कोहकाबोड़ पर होना बताया जाकर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो, ये सुनवाई तिथि 16/07/2025 लिखित में स्वयं/अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दाबा / आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार दिनांक 01/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**जारी दिनांक:- 01/07/2025**
**सुनवाई दिनांक:- 16/07/2025**

सील **कार्यपालिकदंण्डाधिकारी खैरागढ़**

## गुरु पूर्णिमा महोत्सव मोहड़ में आज

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम मोहड़ में शिष्य परिवार द्वारा गुरु



पूर्णिमा महोत्सव मनाया जाएगा 10 जुलाई 2025 को आयोजन किया जा रहा है जितेन्द्र सिन्हा ने जानकारी देते हुए कहा है कि 10 जुलाई गुरुवार को सुबह 1 बजे गुरु दिक्षा 3 बजे से 3 बजे से 4 बजे तक गुरु पादुका पुजना के 4 बजे से 6 बजे तक गुरु प्रवचन 6 बजे गुरु आरती प्रसादी वितरण राष्ट्रीय सुप्रसिद्ध कथा प्रवक्ता परम पूज्य बाल व्यास तिलेन्द्र महाराज जी राका डोगरगढ़ धर्म नगरी वाले होंगे सभी शिष्य परिवार सादर आमंत्रित किया गया है।

## श्री सांईनाथ पीर पैगम्बर दरबार सांई मंदिर तुलसीपुर वार्ड नं. 17 राजनांदगांव में प्रतिवर्षानुसार गुरू पूर्णिमा महोत्सव

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** दिनांक 10.07.2025 दिन गुरूवार प्रात: 8 बजे श्री रघुनाथ प्रसाद जी महाराज जी के सानिध्य में वैद्धिक मन्त्रोच्चारण के साथ मां दुर्गा एवं श्री सांई बाबा जी का महाभिषेक किया जावेगा। दोपहर 12 बजे महाआरती होगा। तत्पश्चात दोपहर 3 बजे से महिला मण्डल द्वारा भजन कीर्तन, संध्या 6.30 बजे संदल का कार्यक्रम के पश्चात 7.30 बजे आरती एवं रात्रि 8.30 बजे से 11 बजे तक प्रसाद वितरण होगा। रात्रि 9 बजे से विभिन्न भजन मण्डलियों द्वारा भजन कीर्तन का कार्यक्रम होगा। सांई दरबार समिति द्वारा सभी भक्तजनों से निवेदन उपरोक्त कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यक्रमों का लाभ लेवें। उपरोक्त जानकारी समिति के सचिव तोरन सिंह चौहान अधिवक्ता द्वारा दी गई।

**शुभांक**
**3-7-9**
**378-8 189-8**
**भाग्यांक**
**137-1 478-9**

### न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगांव के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202507091100004

विषय:- ब-121. मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन:- 2024-2025
दीवानभेड़ी प.ह.न. 00011 [(हे0)]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार - भूपेन्द्र कुमार,
अनावेदक पक्षकार -छ0 ग0 शासन,

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भूपेन्द्र कुमार आ0 निर्मल साहू निवासी ग्राम दीवानभेड़ी पटवारी हलका नं0 08 तहसील डोंगरगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर अपने माता पूनियाबाई की मृत्यु दिनांक 30/05/2005 को ग्राम दीवानभेड़ी में होने के कारण अपने माता की मृत्यु तिथि जारी किये जाने शपथ पत्र, चालान क्रमांक 66230625002174, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, के साथ आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो पेशी दिनांक 17.07.2025 को स्वंय अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 02.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से दिनांक 02/07/2025 को जारी किया जाता है।

सील **नायब तहसीलदार डोंगरगांव**

### न्यायालय तहसीलदार डोंगरगांव के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202506091900019/

विषय:- अ-6। मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन:- 2024-2025
सुखरी (प ह न. 00020),
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार- ईश्वरी गोंड़. अनावेदक पक्षकार - जगन्नाथ, नाबा जंत्री बाई, नाबा. डेरहा, नाबा. सोनिया, भावसिंह, सुमित्रा बेवा,

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सी. टी. सीरिज आनलाईन के माध्यम से बयनामा नामातरण हेतु प्राप्त। ग्राम सुखरी, तहसील डोंगरगांव में स्थित भूमि खसरा नं. 217/7, 217/14 रकबा क्रमशः 0.121,0.081 है. भूमि को विक्रेतागण भावसिंह, जगन्नाथ, जंत्रीबाई, डेरहा, सोनिया, सुमित्रा सभी पिता शांति राम के द्वारा क्रेता चम्मालाल पिता बल्दूराम के पक्ष में बयनामा निष्पादित किया है। पुराना बयनामा होने के कारण प्रकरण ई कोर्ट में दर्ज।

उक्त संबंध में जिस किसी को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 11-7-2025 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं. समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26/06/2025 को जारी किया जाता है।

सील **तहसीलदार डोंगरगांव**

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

उद्घोषणा

प्र.क्र. 202503091000010
अ-2 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम कल्लूबंजारी, पहन 28. रानि मडल कल्लूबजारी, तहसील छुरिया, जिला राजनांदगांव को सूचित किया जाता है. कि आवेदिका धनेश्वरी आ बल्दुराम, निवासी ग्राम कल्लूबंजारी, तहसील छुरिया, जिला राजनादगाव द्वारा ग्राम कल्लूबंजारी, प.ह.न. 28, तहसील छुरिया स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 373/9 रकबा 0.101 हेक्टेयर को व्यवसायिक (पेट्रोल पम्प) प्रयोजन हेतु छगभूरा सहिता 1959 की धारा 172 के अंतर्गत भूमि व्यपवर्तन की अनुज्ञा प्रदान करने हेतु सशोधित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 26/03/2025 को नियत है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को जो हित रखते हो, दावा / आपत्ति हो तो वे सुनवाई तिथि 26/03/2025 को स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

**जारी दिनांक 10/03/2025**
**सुनवाई दिनाक 26/03/2025**

सील **अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगांव**

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202506092100053 अ/6 वर्ष 2024-25

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक सुरेन्द्रपाल सिंह भाटिया पिता भुपेन्द्र सिंह भाटिया, निवासी बुधवारी पारा, डोंगरगढ़, तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ.ग. द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक एवं अनावेदक क्रमांक 1 से लेकर 3 के पिता तथा अनावेदक कमांक 4 के पति भुपेन्द्र सिंह भाटिया के नाम पर नजूल शहर गोल बाजार डोंगरगढ़ के शीट क्रमांक 5 भूखण्ड क्रमांक 1385/47 क्षेत्रफ्ल 90.00 वर्गफुट भूखण्ड तहसील डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव छ.ग. में स्थित है। आवेदक एवं अनावेदक कमांक 1 से लेकर 3 के पिता तथा अनावेदक कमांक 4 के पति भुपेन्द्र सिंह भाटिया की मृत्यु दिनांक 19/06/2018 को हो चुकी है। आवेदक एवं अनावेदकगण मृतक भुपेन्द्र सिंह भाटिया के वैध उत्तराधिकारीगण है इनके अलावा कोई अन्य उत्तराधिकारी नही है जिस कारण नजूल अभिलेखो से मृतक भुपेन्द्र सिंह भाटिया का नाम विलोपित कर आवेदक एवं अनावेदकगण का नाम नामांतरण कर नजूल अभिलेख दुरूस्त किये जाने का निवेदन किया गया है। अतः शीट क्रमांक 5, भूखण्ड क्रमांक 1385/47 क्षेत्रफ्ल 90 वर्गफुट भूखण्ड तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ.ग. भूखण्ड के नजूल अभिलेखो से मृतक भुपेन्द्र सिंह भाटिया का नाम विलोपित कर आवेदक एवं अनावेदकगण का नाम नामांतरण कर नजूल अभिलेख दुरूस्त किये जाने का निवेदन किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ नजूल संधारण शीट, मृत्यु प्रमाण पत्र, अधिवक्ता पत्र की छायाप्रति पेश किया गया है। अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 11/07/2025 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डोंगरगढ़ (छ.ग.)**

## ज्ञान मंथन

*1) हाल ही में चर्चा में रहे ऑस्कर तूफान का संबंध किस से है?*
*2) हाल ही में, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने किस देश को आधिकारिक रूप से मलेरिया मुक्त घोषित किया है?*
*3) सौ फीसदी सौर ऊर्जा पर चलने वाला भारत का पहला केंद्र शासित प्रदेश कौन सा है?*
*4) अंग्रेजी समाचार पत्र लीडर की स्थापना किसने की?*
*5) हाल ही में, कालिदास सम्मान पुरस्कार 2023 से किसे सम्मानित किया गया?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**




## उत्तर माला

(1) अटलांटिक महासागर (2) मिस्र (3) दीव (दादरा और नगर हवेली तथा दमन दीव) (4) मदन मोहन मालवीय (5) रघुपति भट्ट

# श्रद्धा और समर्पण का त्यौहार है गुरु पूर्णिमा

**अरविन्द तिवारी**

**जगन्नाथपुरी ( नांदगांव टाइम्स )** गुरु पूर्णिमा का त्यौहार प्रतिवर्ष आषाढ़ माह में पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है , जो इस वर्ष आज है। यह हिन्दू धर्म के लिये महत्वपूर्ण पर्व है जो भारत के पौराणिक इतिहास के महान संत ऋषि व्यास की याद में मनाया जाता है। इस दिन हिन्दू धर्मग्रन्थ महाभारत के रचयिता गुरु वेदव्यासजी का जन्म भी हुआ था , उन्होंने मानव जाति को चारों वेदों का ज्ञान दिया था और सभी पुराणों की रचना की थी। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुये श्री सुदर्शन संस्थानम , पुरी शंकराचार्य आश्रम के मीडिया प्रभारी अरविन्द तिवारी ने बताया कि गुरू की महिमा का वर्णन करना तो सूर्य को दीपक दिखाने के समान है। गुरू का ज्ञान और शिक्षा ही जीवन का आधार है , गुरू के बिना जीवन की कल्पना भी अधूरी है। गुरू जगत व्यवहार के साथ साथ भव तारक , पथ प्रदर्शक भी होते हैं। गुरू का स्थान ईश्वर से भी श्रेष्ठ है। गुरु शब्द में च्गुज् का अर्थ है अंधेरा और च्रुज् का अर्थ है अंधकार को दूर करना। गुरू हमें अज्ञान रूपी अंधकार से ज्ञान रूपी प्रकाश की ओर ले जाते हैं। अज्ञानरूपी अंधकार को दूर कर ज्ञान रुपी प्रकाश से जीवन को सफलता के उजाले की ओर ले जाने का कार्य गुरु के आशीर्वाद से ही संभव होता है। गुरु तथा देवता में समानता के लिये एक श्लोक के अनुसार — यस्य देवे परा भक्तिर्यथा देवे तथा गुरु अर्थात् जैसी भक्ति की आवश्यकता देवता के लिये है वैसी ही गुरु के लिये भी होती है , बल्कि सद्गुरु की कृपा से ईश्वर का साक्षात्कार भी संभव है। गुरु तत्व की प्रशंसा तो सभी शास्त्रों ने की है। ईश्वर के अस्तित्व में मतभेद हो सकता है , किन्तु गुरु के लिये कोई मतभेद आज तक उत्पन्न नहीं हो सका , गुरु को सभी ने माना है। गुरुपूर्णिमा गुरु के प्रति श्रद्धा और समर्पण का त्यौहार है। यह त्यौहार गुरु के सम्मान का त्योहार है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन गुरु की पूजा करने से उनके शिष्यों को गुरु की दीक्षा का पूरा फल मिलता है। मानव मन में व्याप्त बुराई रूपी विष को दूर करने में गुरु का विशेष योगदान है। गुरू शिष्य का संबंध सेतु के समान होता है , उनकी कृपा से शिष्य के लक्ष्य का मार्ग आसान होता है। गोस्वामी तुलसीदास जी ने रामचरितमानस में कई जगह गुरू महिमा का बहुत ही सटीक , सुंदर और महत्वपूर्ण वर्णन किया है। रामचरित मानस की पहली चौपाई में गुरु महिमा बताते हुये तुलसी दास जी कहते हैं- बंदऊँ गुरु पद पदुम परागा। सुरुचि सुबास सरस अनुरागा। अमिअ मूरिमय चूरन चारू। समन सकल भव रुज परिवारू। अर्थात - मैं गुरु महाराज के चरण कमलों की रज की वन्दना करता हूं , जो सुरुचि (सुंदर स्वाद), सुगंध तथा अनुराग रूपी रस से पूर्ण है। वह अमर मूल (संजीवनी जड़ी) का सुंदर चूर्ण है, जो सम्पूर्ण भव रोगों के परिवार को नाश करने वाला है। अयोध्याकाण्ड के प्रारम्भ में गुरु वंदना करते हुये तुलसीदास जी कहते है - जे गुर चरन रेनु सिर धरहीं , ते जनु सकल बिभव बस करहीं। अर्थात- जो लोग गुरु के चरणों की रज को मस्तक पर धारण करते हैं , वे मानो समस्त ऐश्वर्य को अपने वश में कर लेते हैं। मानस में आगे लिखते हैं ङ्क गुरू बिनु भव निधि तरई न कोई। जो बिरंचि संकर सम होई।। अर्थात- गुरू के बिना अज्ञान के भवसागर से ब्रह्मा , शंकर सदृश देव भी पार नही हो सकते हैं। हरि रूठे गुरु ठौर है , गुरु रूठे नहिं ठौर।।ज् अर्थात् भगवान के रूठने पर तो गुरु की शरण रक्षा कर सकती है किंतु गुरु के रूठने पर कहीं भी शरण मिलना संभव नहीं है। रामचरितमानस के अलावा भी तुलसीदासजी ने यत्र तत्र सर्वत्र गुरू महिमा का वर्णन अपनी विभिन्न रचनाओं में किया है। वास्तिवकता तो यही है कि जीवन के हर क्षेत्र में गुरू का मार्गदर्शन हर किसी को आवश्यक है। परंतु जब मनुष्य आध्यात्म के क्षेत्र में प्रवेश करता है तो गुरू की अत्यधिक आवश्यकता होती है। ऊँचाइयों तक पहुंचने में गुरू का मार्गदर्शन सूर्य के प्रकाश के समान है। गुरू कभी भी हमारा अहित नही करते बल्कि मुश्किल की घड़ी में सफलता का मार्ग प्रशस्त करते हैं। रास्ता कोई भी हो, कैसा भी हो उसे सरल और सुगम बनाने में गुरू की शिक्षायें रेगिस्तान में पानी के समान होती हैं। मोक्ष का द्वार हो या आध्यात्म का मार्ग हर मार्ग की सफलता गुरू के आशीर्वाद से अपने लक्ष्य को प्राप्त करती है। ईश्वर भी गुरू के बिना नही मिलता तभी तो गुरू का दर्जा ईश्वर से भी श्रेष्ठ है। गुरौ न प्राप्यते यत्तन्नान्यत्रापि हि लभ्यते। गुरुप्रसादात सर्वं तु प्राप्नोत्येव न संशय:।। अर्थात गुरु के द्वारा जो प्राप्त नहीं होता , वह अन्यत्र भी नहीं मिलता। गुरु कृपा से मनुष्य नि:संदेह सभी कुछ प्राप्त कर ही लेता है। दुग्धेन धेनु: कुसुमेन वल्ली शीलेन भार्या कमलेन तोयम्। गुरुं विना भाति न चैव शिष्य: शमेन विद्या नगरी जनेन।। अर्थात जैसे दूध के बिना गाय , फूल के बिना लता , चरित्र के बिना पत्नी , कमल के बिना जल , शांति के बिना विद्या, और लोगों के बिना नगर शोभा नहीं देते, वैसे हि गुरु बिना शिष्य शोभा नहीं देता। गुरोर्यत्र परीवादो निंदा वापिप्रवर्तते। कर्णौ तत्र विधातव्यो गन्तव्यं वा ततोऽन्यत:।। अर्थात ङ्क जहाँ गुरु की निंदा होती है, वहाँ उसका विरोध करना चाहिये। यदि यह शक्य (संभव) ना हो तो कान बंद करके बैठना चाहिये और यदि यह भी शक्य (संभव) ना हो तो वहाँ से उठकर दूसरे स्थान पर चले जाना चाहिये। कहा भी गया है - पूर्णे तटाके तृषित: सदैव भूतेऽपि गेहे क्षुधित: स मूढ:। कल्पद्रुमे सत्यपि वै दरिद्र: गुर्वादियोगेऽपि हि य: प्रमादी।। अर्थात इंसान गुरु मिलने के बावजुद प्रमादी (अज्ञानी) रहे , वह मूर्ख पानी से भरे हुये सरोवर के पास होते हुये भी प्यासा , घर में अनाज होते हुये भी भूखा , और कल्पवृक्ष के पास रहते हुये भी दरिद्र है। इतिहास गवाह है कि अवतारी महापुरूषों को भी गुरु के मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है। भगवान श्रीराम भी महर्षि वशिष्ठ एवं विश्वामित्र जैसे गुरुओं के सानिध्य में ही अपना सर्वांगीण विकास करने में सफल हुये। श्रीकृष्ण को कृष्णं वंदे जगतगुरुम् कहा जाता है फिर भी कृष्ण का जीवन गर्ग ऋषि एवं संदीपन ऋषि के मार्गदर्शन ने ही आलोकित किया है। कहने का आशय ये है कि प्रत्येक मनुष्य को सम्पूर्ण विकास हेतु एवं आध्यात्मिक प्रकाश के लिये गुरु का सानिध्य अति महत्वपूर्ण है। गुरु का कार्य नैतिक , आध्यात्मिक , सामाजिक एवं राजनीतिक समस्याओं को हल करना भी है। राजा दशरथ के दरबार में गुरु वशिष्ठ से भला कौन परिचित नहीं है ? जिनकी सलाह के बगैर दरबार का कोई भी कार्य नहीं होता था। गुरु की भूमिका भारत में केवल आध्यात्म या धार्मिकता तक ही सीमित नहीं रही है , देश पर राजनीतिक विपदा आने पर गुरु ने देश को उचित सलाह देकर विपदा से उबारा भी है।



**आज गुरु पूर्णिमा विशेष**

अर्थात् अनादिकाल से गुरु ने शिष्य का हर क्षेत्र में व्यापक एवं समग्रता से मार्गदर्शन किया है। जीवन का विकास सुचारू रूप से सतत् चलता रहे उसके लिये हमें गुरु की आवश्यकता होती है। भावी जीवन का निर्माण गुरू द्वारा ही होता है। गुरु के बिना कोई भी महान होने की कल्पना नहीं कर सकता। स्पष्ट है यदि हमें अपने समाज देश व सभ्यता को अधिक श्रेष्ठ बनाना चाहते है तो हमें अपनी पुरातन गुरु शिष्य परम्परा तथा शिक्षा प्रणाली को अपनाना होगा। जीवन में सफलता की सीढियाँ तभी चढ़ा जा सकता हैं जब हमें गुरु का मार्गदर्शन प्राप्त हो। उनके पथप्रदर्शन के बिना मानव भ्रमित हो जायेगा , अपने इच्छित लक्ष्य से भटक जायेगा। बदले में गुरु हमसे धन दौलत कुछ नहीं चाहता बस उन्हें सम्मान देने की आवश्यकता हैं।

गुरुर्ब्रह्मा ग्रुरुर्विष्णु: गुरुर्देवो महेश्वर:।
गुरु: साक्षात् परं ब्रह्म, तस्मै श्रीगुरवे नम:॥

गुरु की महिमा को स्वीकार करने वालों के लिये शब्दों की नहीं भाव की प्रधानता होती है , गुरु के प्रति समर्पण की जरुरत होती है। गुरु पूर्णिमा एक अवसर होता है जब हम गुरु के प्रति सम्मान सत्कार और अपनी तमाम भावनायें उन्हें समर्पित करते हैं। इस दिन गुरु पादुका पूजन , गुरु दर्शन करें। नेवैद्य , वस्त्रादि भेंट प्रदान कर दक्षिणादि देकर उनकी आरती करें तथा उनके चरणों में बैठकर उनकी कृपा प्राप्त करें। यदि गुरु के समीप जाने का अवसर ना मिले तो उनके चित्र , पादुकादि प्राप्त कर उनका पूजन करें। गुरु की कृपा हम सब को प्राप्त हो।

## सायबर सेल और थाना कुण्डा की संयुक्त टीम ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफबड़ी कार्यवाही

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** सायबर सेल और थाना कुण्डा की संयुक्त टीम ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफबड़ी कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर सेन्हाभाठा मार्ग, पप्पू एजेंसी के पास घेराबंदी कर दबिश दी गई। मौके से 84 पौवा देशी प्लेन मदिरा (कुल 15.120 बल्क लीटर) जिसकी कीमत ?6720/- है, एक नीले रंग की स्कूटी क्रमांक ष्टत्र 09 छ्वञ्ज 5853 जिसकी कीमत ?1,15,000/- है, तथा नकद राशि ?4200/- इस प्रकार कुल ?1,29,920/- की सामग्री जप्त की गई। **गिरफ्तार आरोपी** - 1. चंद्रिका प्रसाद पिता नत्थेलाल कुर्रे, उम्र 53 वर्ष, निवासी ङ्क सेमरकोना, चौकी दामापुर, थाना कुण्डा 2. सीताराम पिता धरमलाल सोनवानी, उम्र 55 वर्ष, निवासी ङ्क सतनामीपारा, कुण्डा, जिला कबीरधाम दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2), 59(क) आबकारी अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।



## डॉक्टर्स-डे पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव के ब्लड सेंटर पैथोलॉजी विभाग में डॉक्टर्स-डे पर आईएमए, आईएमए-एमएसएन और ब्लड सेंटर मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देना, मेडिकल छात्रों में जागरूकता करना था। इस अवसर पर अधिष्ठाता डॉ. पंकज लुका, संयुक्त संचालक एवं अस्पताल अधीक्षक डॉ. अतुल देशकर, उप-अधीक्षक एवं आईएमए मेंबर डॉ. पवन जेठानी, आईएमए अध्यक्ष डॉ. दिवाकर रंगारी, आईएमए सचिव श्री अनीमेश गांधी, मेडिकल फैकल्टी एवं स्टूडेंट्स, समस्त ब्लड सेंटर स्टॉफ एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## निधन

**नानक भगवान दास आहूजा**



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आईबी ग्रुप के चीफ फाइनेंस ऑफिसर मनोज आहूजा के पिता नानक भगवान दास आहूजा का आज सुबह बैंगलोर के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा कल 10 जुलाई को शाम चार बजे उनके निवास स्थान 13/5 नेहरू नगर पश्चिम से सुपेला भिलाई स्थित रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। 86 वर्षीय श्री आहूजा कई धार्मिक और सामाजिक संगठनों से जुड़े रहे। वे अपने पीछे पुत्र मनोज आहूजा, हरेश आहूजा, भाई डा. प्रेम आहूजा सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए।

# सचिव पंचायत की रीढ़, शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक बखूबी पहुंचा रहे



**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** ब्लॉक इकाई सचिव संघ डोंगरगढ़ के तत्वाधान में ग्राम पंचायत मुरमुंदा के सामुदायिक भवन में सचिव दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष लता अजय सिन्हा, अध्यक्षता जिला पंचायत सभापति प्रशांत कोडापे, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सभापति अनिता मंडावी, जनपद सीईओं भगवती साहू, जनपद सदस्य उमेश साहू, मुरमुंदा सरपंच खेमचंद साहू, उपसरपंच निर्मल सिन्हा, अजय सिन्हा, तेजलाल वर्मा, योगेश संचेती, छत्रपाल ठाकुर अन्य मंचस्थ रहे। अतिथियों ने छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। सचिव संघ की ओर से स्वागत गीत सरिता श्रीवास, लोचन साहू द्वारा सचिवों के संबंध में कविता सुनाया। अतिथियों का स्वागत सचिव संघ में अध्यक्ष राजाराम उईके, भूपेन्द्र यादव, रोहित चंद्रवंशी, केदान सिन्हा, नारायण देवांगन, कोमल वर्मा, नारद सोनवानी, मनेश रंगारी, अशोक वैष्णव, उमेंद वर्मा, रामकुमार वर्मा, थानूराम बसोने, वंदना, यशोदा सिन्हा, जयंती सिन्हा, टाकेश्वरी साहू, कोमल लारिया, जामवंती चंदेल के द्वारा किया गया। अध्यक्ष राजाराम उइके के द्वारा सचिवों के मांग एवं उसके कार्यों के बारे में बताया गया। सचिव दिवस मनाने की परंपरा की शुरुआत कहा से हुई इसकी जानकारी केदान सिन्हा के द्वारा विस्तार दी गई। सचिव संघ की ओर से नवाचार पहल करते हुए सचिव परिवार के होनहार बच्चे जो शिक्षा, व्यवसाय, शासकीय सेवा एवं विभिन्न क्षेत्रो में उपलब्धि हासिल कर अपने माता-पिता, गांव समाज का नाम रोशन कर रहे हैं ऐसे होनहार बच्चों को अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। साथ ही जिन सचिवों का स्थानांतरण अन्य ब्लॉक में हुए है तथा अन्य ब्लॉक से डोगरगढ़ आनें पर सम्मान किया गया। सचिव श्रीराम चंद्रवंशी को सेवानिवृत्त होने पर सम्मानित हुए। जिला पंचायत सभापति अनिता मंडावी ने कहा कि सचिवों को ग्राम पंचायत में लगन से काम करने की बात कही। सभापति प्रशांत कोडापे ने सचिवों को पंचायत की रीढ़ व शासन की योजनाओं के संचालन का कर्ता धर्ता बताया तथा पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण की दिशा में काम करने के लिए लोगों को प्रेरित करने कहा गया। उन्होंनें अपने बचपन का अनुभव भी सुनाया। सीईओं भगवती साहू ने सचिवों को शासन-प्रशासन का आंख, कान बताया जो सभी योजनाओं में सहज, सजग ,सरलता से बड़े से बड़े कामों को बखूबी निपटाते है। अंत में मुख्य अतिथि लता अजय सिन्हा के द्वारा नारी शक्ति के रूप में नवनिर्वाचित सरपंच बहनों के साथ कदम से कदम मिलाकर सबके साथ सामंजस्य बैठाकर पंचायत के कार्यों को करना है, इस पर जोर दिया गया। अतिथियों ने महिला भवन के पास एक पेड़ मां के नाम से पौधा रोपण का कार्य भी किया। कार्यक्रम का संचालन मोरध्वज साहू ने किया। इस अवसर पर ब्लॉक के सचिव उपस्थित रहे।

## पार्षद शेंकी बग्गा ने बरसते पानी में छाता लेकर वार्डवासियों की समस्याओं से हुए रूबरू कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** 8 जुलाई 2025 को शेंकी बग्गा पार्षद शीतला माता वार्ड क्रमांक 24 ने बरसते पानी मे छाता लेकर अपने राजनांदगांव शीतला माता वार्ड में भ्रमण किया। बारिश में हो रही समस्याओं को जनमानस से संवाद करके समझा और समस्याओं का समयबद्ध तरीके से निराकरण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अलावा उन्होंने श्रमिक परिवार को छात्रवृत्ति प्राप्त करने के लिए फॉर्म भरवाया। श्रमिक परिवार को श्रमिको के लिए विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओ के बारे मे बताया । जनमानस को आयुष्मान कार्ड और 70 वर्ष से अधिक वरिष्ठ नागरिको को आयुष्मान वय वंदना कार्ड आयुष्मान ऐप से तुरंत बना के दीया। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत 3 वर्ष से 6.5 वर्ष के बच्चों के स्कूल प्रवेश के लिए उनके अभिवावकों को आनलाइन फॉर्म भरने का मार्गदर्शन दिया। जनमानस को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत राशन कार्ड से जुड़ी सारी जानकारी दिया। जनमानस को पीएम आवास योजना, विश्वकर्मा योजना, मुद्रा योजना और स्वनिधि योजना के बारे में जानकारी दिया ताकि वे आत्मनिर्भर और जॉब क्रिएटर बन सकें।

## धर्म समाचार....

# सावन के महीने में यदि तुलसी पर निकालें मंजरी, तो कर लीजिए ये उपाय... दूर होंगी परेशानियां




सावन के महीने में तुलसी पर मंजरी का आना शुभ संकेत माना जाता है। यह घर में सुख शांति और समृद्धि लाने का प्रतीक है। मंजरी घर के वास्तु दोष दूर करने में भी सहायक होती है। तुलसी की मंजरी को जल में डालकर घर में छिड़कने से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है। धर्म डेस्क, नई दिल्ली। सावन के महीने में यदि तुलसी पर मंजरी आ जाए, तो इसका मतलब है कि आपके घर में कोई शुभ समाचार जल्दी आने वाला है। तुलसी के पत्ते को भगवान विष्णु और लक्ष्मी की पूजा में चढ़ाया जाता है लेकिन भगवान शिव पर तुलसी का पत्ता नहीं चढ़ाया जाता है।

हालांकि, सावन के महीने में जब तुलसी के पौधे पर मंजरी आने लगती है, तो यह संकेत देती है कि घर में सुख शांति और समृद्धि आने वाली है। यह भी संकेत देती है कि भगवान लक्ष्मी नारायण की कृपा घर पर बनी रहेगी और धन लाभ के योग बनते दिखेंगे। सावन में तुलसी पर आने वाली मंजरी घर के वास्तु दोष को भी दूर करने में मददगार साबित होती है। एक लोटे में जल भरकर उसमें तुलसी की मंजरी डाल दें। इसके बाद उस जल का छिड़काव पूरे घर में कर दें। इससे घर में फैली निगेटिविटी दूर होती है। तुलसी की मंजरी को तांबे के एक लोटे में जल भरकर उसमें डाल दें। इसे थोड़ी देर के लिए ढंक कर रख दें। इसके बाद में इस जल से शिवलिंग का अभिषेक करने से जीवन में आ रही बढ़ाएं दूर होती हैं। यदि आप आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे हैं, तो तुलसी की मंजरी के ये उपाय कर सकते हैं। सबसे पहले तो सावन के महीने में तुलसी की कुछ मंजरी लेकर उन्हें धूप में सुखा लें। इसके बाद उन्हें हरे रंग के एक कपड़े में बांधकर तिजोरी में रख दें। कहते हैं इससे कभी तिजोरी खाली नहीं रहती है। इसके अलावा एक और उपाय किया जा सकता है। इसके लिए तुलसी की मंजरी को सावन के महीने में 7 दिनों तक माता लक्ष्मी के चरणों में चढ़ाकर उन्हें अपने पर्स में रख लें। इससे कभी पर्स खाली नहीं रहता है।




## सावन के महीने में यदि तुलसी पर निकालें मंजरी, तो कर लीजिए ये उपाय... दूर होंगी परेशानियां

सावन के महीने में तुलसी पर मंजरी का आना शुभ संकेत माना जाता है। यह घर में सुख शांति और समृद्धि लाने का प्रतीक है। मंजरी घर के वास्तु दोष दूर करने में भी सहायक होती है। तुलसी की मंजरी को जल में डालकर घर में छिड़कने से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है। सावन के महीने में यदि तुलसी पर मंजरी आ जाए, तो इसका मतलब है कि आपके घर में कोई शुभ समाचार जल्दी आने वाला है। तुलसी के पत्ते को भगवान विष्णु और लक्ष्मी की पूजा में चढ़ाया जाता है लेकिन भगवान शिव पर तुलसी का पत्ता नहीं चढ़ाया जाता है। हालांकि, सावन के महीने में जब तुलसी के पौधे पर मंजरी आने लगती है, तो यह संकेत देती है कि घर में सुख शांति और समृद्धि आने वाली है। यह भी संकेत देती है कि भगवान लक्ष्मी नारायण की कृपा घर पर बनी रहेगी और धन लाभ के योग बनते दिखेंगे। सावन में तुलसी पर आने वाली मंजरी घर के वास्तु दोष को भी दूर करने में मददगार साबित होती है। एक लोटे में जल भरकर उसमें तुलसी की मंजरी डाल दें। इसके बाद उस जल का छिड़काव पूरे घर में कर दें। इससे घर में फैली निगेटिविटी दूर होती है। तुलसी की मंजरी को तांबे के एक लोटे में जल भरकर उसमें डाल दें। इसे थोड़ी देर के लिए ढंक कर रख दें। इसके बाद में इस जल से शिवलिंग का अभिषेक करने से जीवन में आ रही बढ़ाएं दूर होती हैं। यदि आप आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे हैं, तो तुलसी की मंजरी के ये उपाय कर सकते हैं। सबसे पहले तो सावन के महीने में तुलसी की कुछ मंजरी लेकर उन्हें धूप में सुखा लें। इसके बाद उन्हें हरे रंग के एक कपड़े में बांधकर तिजोरी में रख दें। कहते हैं इससे कभी तिजोरी खाली नहीं रहती है। इसके अलावा एक और उपाय किया जा सकता है। इसके लिए तुलसी की मंजरी को सावन के महीने में 7 दिनों तक माता लक्ष्मी के चरणों में चढ़ाकर उन्हें अपने पर्स में रख लें। इससे कभी पर्स खाली नहीं रहता है।



nandgaon times JULAI-10-2.qxd 7/9/2025 11:59 PM Page 4



- क्रिकेट किट
- फुटबाॅल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...





स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# लगातार बारिश से शिवनाथ नदी मोहारा राजनांदगांव लबालब, खेत खलियान भी जलमग्न





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** दक्षिण पश्चिम मानसून पूरी तरह से सक्रिय है. जिले में बीते चार दिनों से लगातार बारिश जारी है।वनांचल से लेकर मैदानी इलाकों में मध्यम से तेज बारिश हो रही है जलाशय के कैचमेंट एरिया में भी तेज बारिश जारी है, इसके चलते मोगरा बैराज में भी तेजी से जल भराव हो रहा है। शिवनाथ नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है लगातार बढ़ रहे जलस्तर की वजह से शिवनाथ में बाढ़ जैसी स्थिति है. लगभग शिवनाथ नदी के सभी छोटे पुल एनिकट पूरी तरह डूब चुके हैं। मोहारा के भी छोटे पुल से आवाजाही को रोक दी गई है शिवनाथ के तटों में बसे गांव में मुनादी कराई जा रही है लोगों को नदी के किनारे और निकट में आवाजाही नहीं करने की अपील की गई है। शिवनाथ नदी मोहारा पुल के पास लगातार बढ़ है जलस्तर को देखने के लिए बड़े पुल पर लोगों की भीड़ लगातार जुट रही है। इसके अलावा किसानों का खेत भी पूरी तरह जलमग्न हो गया है। उनके छोटे-छोटे धान के पौधे पानी में पूरी तरह से डूब चुका है।

## शिव धर्मार्थ सेवा समिति द्वारा शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर के शांति विजय कॉलोनी समीप शिव धर्मार्थ सेवा समिति द्वारा शिव परिवार मंदिर की प्राण



प्रतिष्ठा कराई गई। मध्य प्रदेश के ओंकारेश्वर से लाई गई शिवलिंग की पूरे रीति-रिवाज के साथ स्थापना की गई। तीसरे एवं अंतिम दिन नर्मदेश्वर महादेव का विशेष श्रृंगार किया गया था। वहीं भंडारे का आयोजन भी इस दिन किया गया। शिव धर्मार्थ सेवा समिति द्वारा नव निर्मित इस मंदिर के भीतर नर्मदेश्वर महादेव भागवन के साथ ही शिव परिवार की मूर्ति स्थापित की गई है। इस आयोजित तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अंतिम दिन मंगलवार को सुबह से मंदिर में सार्वजनिक शिव मंदिर में आराधना का दौर शुरू हो गया था। मंदिर में शिव परिवार, हनुमान जी सहित सर्वदेव प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव मंगलवार को धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। समिति के अध्यक्ष राकेश यादव ने बताया कि तीन दिवसीय इस आयोजन के दौरान महास्नान, प्राण प्रतिष्ठा, अभिषेक, भव्य श्रृंगार पूजन, हवन पूर्णाहुति के आयोजन हुए। प्राण -प्रतिष्ठा के तहत मंदिर परिसर की फूलों से आकर्षक सजावट की गई थी। विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान का भी आयोजन किया गया।

## जप्त वाहन को किया गया राजसात

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने उगेतरा रायपुर निवासी तेजराम साहू के स्वामित्व के जप्तशुदा वाहन बोलेरो पिकअप क्रमांक सीजी 04 पीएक्स 1261 तथा एकता ट्रांसपोर्ट रद्दी चौकी जबलपुर निवासी अहफाज खान के स्वामित्व के जप्तशुदा वाहन ट्रक क्रमांक एमपी 20 जीए 1013 को छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिक्षण अधिनियम के प्रावधानों के तहत शासन के पक्ष में राजसात किया है। जारी आदेश के अनुसार विरूद्ध पुनरीक्षण की अवधि समाप्त हो जाने और सक्षम न्यायालय से किसी प्रकार का कोई आदेश प्राप्त नहीं होने की दशा में राजसात किए गए वाहन का नियमानुसार नीलामी की कार्रवाई की जाएगी तथा प्राप्त राशि को छत्तीसगढ़ शासन के निर्धारित मद में खजाना दाखिल करने की कार्रवाई की जाएगी। सत्र न्यायालय राजनांदगांव से जारी आदेश के विरूद्ध कोई आदेश प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई न्यायालय के आदेशानुसार की जाएगी।

# राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेविका योगिता कुंबले राष्ट्रीय पुरस्कार से होंगे सम्मानित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** एक छोटे से गांव ग्राम प्लांदूर विकासखंड डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव के निवासी योगिता कुंबले पिता श्री ललेश कुमार कुंबले, माता श्रीमती सविता बाई कुंबले को समाज सेवा में निस्वार्थ योगदान समाज सेवा में उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें उत्तरप्रदेश सहारनपुर की राष्ट्रीय सामाजिक संस्था यूथ विजन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार हिंदुस्तान यूथ आइकन पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। और हिंदुस्तान यूथ आइकॉन बुक ऑफ रिकॉर्ड में उनका नाम शामिल किया जाएगा। योगिता कुंबले बताते है कि उनकी स्कूली शिक्षा शासकीय उच्चतर विद्यालय मुसरा में हुआ जहां श्री मुन्ना लाला साहू सर के मार्गदर्शन ने राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ी। इसके पश्चात राजनांदगांव जिले के प्रसिद्ध महाविद्यालय शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के राष्ट्रीय सेवा इकाई की में जुड़कर समाजसेवा में निस्वार्थ भाव से सेवा कार्य कार्य में योगदान दिया। शासकीय अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास में रहकर पढ़ाई के साथ साथ अपने व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रासेयो से जुड़ी और समाज सेवा के क्षेत्र में कई गांव में महिला सशक्तिकरण साइबर




अपराध शिक्षा नशा मुक्ति जैसे अन्य विषयों में जन जागरूकता संदेश पहुंचाई अपने टीम के साथ नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जन जागरूकता कार्यक्रम से लोगों को जागरुक करने का प्रयास करते है। समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने सामाजिक बदलाव एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए स्वयंसेविका योगिता राजनांदगांव जिले की समाजिक संस्था रीड यूथ सोसायटी में जुड़ी हुई जहां उन्हें लेखापाल का पद दिया गया। समाज सेवा में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर इस राष्ट्रीय सम्मान के लिए योगिता कुंबले के माता पिता उनपर काफी गर्व महसूस कर रहे है कि एक युवा लड़की समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने और राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहे है और उनके योगदान के लिए बेटी को राष्ट्रीय पुरुस्कार से सम्मानित किया जाएगा। योगिता ने इस सम्मान हकदार बनाने वाले अपने माता श्रीमती सविता बाई कुंबले पिता श्री ललेश कुमार कुंबले एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकार प्रो.करुणा रावटे, श्री मन्नालाल साहू सर का एवं हॉस्टल अधीक्षक का धन्यवाद दिया क्योंकि उनके आशीर्वाद के फलस्वरूप ही वह समाज सेवा में निस्वार्थ भाव से सेवा कार्य और उत्कृष्ट प्रदर्शन दे पाएं।

# अग्रहरि भवन में आज धूमधाम से मनेगा गुरु पूर्णिमा महोत्सव

## अग्रहरि भवन में आज धूमधाम से मनेगा गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**शासन के प्रधिकृत अधिकारी का होगा सम्मान,,, जुटेंगे उत्तर प्रदेशीय वैश्य संघ**

**राजनांदगांव( नांदगांव टाइम्स )।** प्रति वर्षानुसार? इस वर्ष भी उत्तर प्रदेशीय वैश्य संघ द्वारा आज 10 जुलाई गुरुवार को शहर के जमातपारा समीप स्थित अग्रहरि भवन मे? गुरु पूर्णिमा का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस दौरान भगवान सत्य नारायण की कथा- पूजा उपरांत सद गुरु की वंदना -अभ्यर्थना करते हुए सामूहिक रूप से आगत अतिथियों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित है। संघ के अध्यक्ष राजेश गुप्ता जी, सचिव शैलेश गुप्ता जी ने बताया संघ का रजत जयंती वर्ष होने पर संघ



के द्वारा इस वर्ष सम्मान समारोह, शपथग्रहण एवं अनेक कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री केदारनाथ गुप्ता जी (चेयरमैन छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्या.) होंगे। जिनका श्री अग्रहरि श्री कसौंधन श्री अयोध्यावासी श्री दोसर श्री गहोई एवं श्री यज्ञसेनी समाज के संघ द्वारा भाव भीना सम्मान किया जाएगा। गुरु पूर्णिमा के इस अवसर? पर समाज के युवक- ?युवतियो व महिलाओं द्वारा गुरु - वंदना गान सहित भजन- कीर्तन कार्यक्रम भी आयोजित है।अंत मे? महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा।

# गुरु पूर्णिमा उत्सव सनातन संस्कृति की अतीव गौरवाशली परंपरा - द्विवेदी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अखिल विश्व की आदर्श अद्वितीय सनातन संस्कृति की गौरवशाली पर्व परम्परा के परम पावन गुरूपूर्णिमा पर्व को अतीव महत्वा परिप्रेक्ष्य में नगर के संस्कृति विचार प्रज्ञ डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी ने विशिष्ट आह्वान टीप में बताया कि गुरु पूर्णिमा को महाभारत रचियिता वेदव्यास जी के शुभ मंगल जन्म दिवस स्मृति रूप में व्यास पूर्णिमा के रूप में गुरु पूजन उत्सव रूप में सम्पूर्ण धरती में मनाया जाता है। सहज सरल रूप में शिष्य अपने गुरु की प्रत्यक्ष या उनके चरण पादुका की धूप-दीप-नैवेद्य के साथ पूजन करते हैं और गुरु प्रदत्त मंत्र का जाप करते है। यह प्रमाणिक मान्यता है कि गुरु मंत्र का जप-तप से गुरु की समर्पित श्रद्धा भाव संकल्प से शिष्य-साधक को एक साथ ज्ञान, शान्ति, भक्ति और योग शक्ति प्राप्त होती है। गुरु को गुरु इसलिए भी कहा जाता है कि वह बहुत ही सहत रूप से अज्ञान तिमिर का ज्ञानारंजन-शलाका से



निवारण कर उत्तरोतर प्रगति एवं श्रेष्ठतम उपलब्धियों से समृद्ध कर देता है। वस्तुत: अंधकार को हटाकर ज्ञान प्रकाश की ओर ले जाने वाले को ही गुरु कहा जाता है। आगे डॉ. द्विवेदी ने उल्लेखनीय रुप से बताया कि समग्र देश-दुनियाँ में राष्ट्रीय स्वयं संघ का गुरु पूर्णिमा उत्सव अत्यधिक लोकप्रिय एवं कोटि-कोटि जनों में गहन अर्न्ततम में पूर्व स्वीकार्य एवं पावन संकल्प श्रेष्ठतम गुरू भगवतध्वज के समक्ष अगाध समाजसेवा-राष्ट्रसेवा का समर्पण महाउत्सव है जिसमें प्रत्येक स्वयंसेवक मनसा-वाचा-कर्मणा से स्वस्फूर्त होकर आपका का मानक अर्थ अंश समर्पित करता है वह भी राष्ट्र भक्ति प्रेरणा के गीत-संगीत के साथ। आइये संघ के परम पावन समर्पिण प्रतीक उत्सव में अवश्य समम्मिलित हों और प्रत्यक्ष रूप से राष्ट्रसेवा में सहभागी होकर नागरिक दायित्सव का निर्वहन करें, परम पुण्य के भागी हो।

## सुनहरा अवसर

पढ़ने- पढ़ाने वाले विद्यार्थी सह- शिक्षक सपने साकार करने के लिए रूपये 9 हजार प्रतिमाह से शुरू कर 45 हजार प्रतिमाह की गारंटी देता है



योग्यता : 12वीं पास, फेल से पीएचडी तक सभी आवेदन कर सकते हैं

-: संपर्क करें :-

इंजीनियर पी एल सुलाखे

राजनांदगांव, मो. 9425554092

# लगातार बारिश से नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में पानी से तरबतर हुआ




**प्रशासन ने अलर्ट जारी किया**

**डोंगरगांव( नांदगांव टाइम्स )।** पिछले चार दिनों से लगातार बारिश से नगर और ग्रामीण क्षेत्रों नदियों में पानी का बहाव तेजी से बढ़ गया है चार दिनों बारिश से शिवनाथ नदी और घुमरिया नदी में बाढ़ उफान पर है लगातार बारिश के चलते एक ओर प्रशासन द्वारा निचली बस्तियों में अलर्ट जारी किया गया है डोंगरगांव क्षेत्र के बरगांव , मटिया खुज्जी, रंगकठेरा, जामसरार, बगदई, राता पायली, अर्जुनी, कोहका, दर्री एनिकट, तथा क्षेत्र के छोटे बड़े सभी नदी नाले उफान पर है लगातार हो रही बारिश में जनजीवन पर भी व्यापक असर पड़ा है जमाझम बारिश के चलते रोजमर्रा के मजदूरी करने वाले का भी काम बंद होने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है एक ओर रोज निचले सड़को के मार्ग से चलने वाले, स्कूली बच्चों, किसानों,को भी प्रभावित हुई हैं लगातार बारिश से नगर के शासकीय कार्यालय में कार्य करने वाले शासकीय सेवकों को भी प्रभावित हुई हैं इस बारिश चलते व्यापारी वर्ग और हाट बाजार में भी सन्नाटा पसरा रहा, चार दिनों के बाद दोपहर में बारिश रुकने से आम नागरिकों को थोड़ा राहत मिली है लगातार बारिश होने से एसडीएम श्री कांत कोराम और तहसीलदार पी एल नाग ने तहसील क्षेत्र मे अलर्ट जारी कर नदी किनारे बसे ग्रामों में मुनादी करा दिया है इनके अलावा नदी किनारे बसे ग्रामीणों को पहले ही अलर्ट जारी कर दूसरे जगह रहने के व्यवथित कर दिया है लोगो को पहले से अलर्ट कर नदी किनारे जाकर सेल्फी लेने से मना किया गया है।

## सर्विस लेन विस अध्यक्ष व सांसद के प्रयासों का परिणाम : मोनू बहादुर

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा आरके नगर चौक से रेवाडीह चौक तक दोनों ओर सर्विस रोड निर्माण की स्वीकृति प्रदान किए जाने पर



भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के प्रति आभार व्यक्त किया है।उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह व सांसद संतोष पांडे के सतत प्रयासों का ही परिणाम है कि आज इस जनहितकारी कार्य को स्वीकृति मिली है। मेडिकल कालेज, स्कूल, व्यावसायिक प्रतिष्ठान, होटल और आरटीओ कार्यालय जैसे महत्वपूर्ण स्थलों के कारण जिस क्षेत्र में लगातार दुर्घटनाएं हो रही थीं, अब वहां 7 किलोमीटर लंबी सर्विस रोड के निर्माण से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और सड़क सुरक्षा भी सुनिश्चित हो सकेगी। मोनू बहादुर सिंह ने कहा कि यह फैसला जनसुविधा एवं विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। युवा मोर्चा इसके लिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, विधानसभा अध?यक्ष डॉ. रमन सिंह और सांसद संतोष पांडे के प्रति आभार व्यक्त करता है और इस कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने की अपेक्षा करता है।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com